# अभिभावकों को भ्रामक संदेश भेजने वाले तीन आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून के एक नामी स्कूल के फर्जी स्कूल पद बनाकर बच्चों के अभिभावकों को फर्जी संदेश भेजकर उनसे ठगी करने के तीन आरोपियों को एसटीएफ टीम ने गिरफ्तार किया है पकड़े गए सभी आरोपियों को बरेली उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर देहरादून ले गए आरो. पियों के संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ नवनीत सिंह बताया कि एक प्रकरण देहरादून के एक नामी स्कूल के प्रबंधक द्वारा विगत जुलाई में दर्ज कराया गया जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र-संबंधित ऐप में गंभीर साइबर बुलीइंग/हैकिंग हुई व विद्यार्थियों को भ्रामक संदेश भेजे जाने लगे। विद्यालय का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जिसका उपयोग विद्यार्थी और अभिभावक प्रतिदिन स्कूल अपडेट देखने, समय सारिणी जानने




■ फर्जी स्कूल तैयार कर असली प्लेटफॉर्म को हैक किया और व्हाट्सअप के जरिए फीस जमा करने से संबंधित भ्रामक संदेश फैलाया

तथा विद्यालय शुल्क जमा करने आदि के लिए करते हैं।

नवनीत सिंह फूलने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने बिना अनुमति प्रवेश किया व विद्यार्थियों के नाम, संपर्क विवरण और लॉगिन डेटा जैसी जानकारी लीक किया व हैकर हमारे विद्यालय की तीनों शाखाओं मोहाली के छात्र डेटा तक पहुँच बना ली। और उन्होंने प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को एक फर्जी संदेश भेजा, जिसमे हजारों रुपए की राशि एआई सक्षम रोबोटिक्स लैब के लिए जमा करने को कहा गया और यह संदेश आधिकारिक प्रतीत भी हो रहा था व अभिभावकों को धोखे से निजी जानकारी देने या शुल्क गलत खाते में जमा करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि मामले की गम्भीरता को साइबर क्राइम अंकुश मिश्रा एवं विवेचना निरीक्षक विकास भारद्वाज क्राईम पुलिस स्टेशन, देहरादून के सुपुर्द कर कर दी गई थी साईबर क्राईम पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त विद्यालय का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बैंक खातों रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों व्हाट्सअप की जानकारी हेतु सम्बन्धित सर्विस प्रदाता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनियों, मेटा कम्पनी से पत्राच. ाकर कर डेटा प्राप्त किया गया। प्राप्त डेटा के विश्लेषण से जानकारी मे आया कि साईबर अपराधियो द्वारा घटना में विद्यालय का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ৮ द्वारा विद्यालय शुल्क प्रणाली से पीड़ित से लाभ कमाने के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में धनरा. शि स्थानान्तरित करवायी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने बताया कि साईबर थाना पुलिस टीम द्वारा विद्यालय का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ,बैंक खातों तथा मोबाइल नम्बरों का सत्यापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर घटना के बैंक के लाभार्थी खाताधारक मोहम्मद रिजवान पुत्र बालम खघन निवासी ग्राम मुल्लापुर पोस्ट रिठौरा जिला बरेली उत्तर प्रदेश , सुदामा दिवाकर पुत्र ओम प्रकाश निवासी आकाश पुरम आर०के० यूनिवर्सिटी, बरेली,नजदीक बब्बू स्किराना स्टोर टोर,और मोहम्मद फराज पुत्र सरताज निवासी बनखाना गुलाबनगर बरेली उत्तरप्रदेश को चिन्हित करते हुये अभियुक्त की तलाश जारी की।

# मामूली विवाद के बाद युवक को गोली मारी, हालत चिंताजनक

## घायल युवक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शनिवार की देर रात्रि राजपुर थाना क्षेत्र मसूरी डाइवर्जन से आगे राजपुर की ओर एक रेस्टोरेंट के बाहर गोली चलाई जाने की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के उसे समय हॉर्स भगत हो गए जब गोली एक युवक को लगी अच्छी घायल युवक को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया और गोली मारने वाले की तलाश पुलिस ने प्रारंभ कर दी।

सड़क पर युवक को गोली मारकर गायक किए जाने की जानकारी के बाद थानाध्यक्ष राजपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। उधर देर रात्रि राजपुर क्षेत्र में युवक को गोली मारे जाने की , के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार तथा आसपास के थाने का पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और क्षेत्र की नाकेबंदी कर युवक को गोली मारकर घायल करने वालों की तलाश प्रारंभ करनी शुरू की स

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि घायल युवक की पहचान संभव गुरुंग पुत्र शिवराज गुरुग निवासी अनार वाला देहरादून के रूप में हुई, मौके पर फील्ड यूनिट की टीम को बुलाकर घटना स्थल की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी की गई। घटना के संबंध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि घायल युवक अपने साथियों के साथ खाना खाने रेस्ट्रोरेंट में गया था, जहाँ रेस्ट्रोरेंट में किसी बात को लेकर 02 युवकों व 01 युवती से उनका विवाद हो गया था। उक्त विवाद के चलते दोनो पक्षो की देर रात्रि रेस्ट्रोरेंट के बाहर भी आपस मे बहस हो गयी तथा घायल युवक के 10-12 साथियों के मौके पर इक्कट्ठा होने पर दूसरे पक्ष के एक युवक द्वारा डराने के नियत से हवा में फायर किया गया, जिसमे एक गोली संभव गुरुंग को लग गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में संभव गुरुंग के परिजनों द्वारा थाना राजपुर पर दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना राजपुर पर धारा 109 ठदे का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा घटना में गोली चलाने वाले अभियुक्त की पहचान कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को संभावित ठिकानों पर छापे मार कार्रवाई करने के लिए को रवाना किया गया।

# भाजपा ने जारी की जिपं अध्यक्ष व प्रमुख प्रत्याशियों की दूसरी सूची

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने प्रदेश की पंचायतों मे 4 जिला पंचायत अध्यक्षों एवं 14 ब्लॉक प्रमुख के लिए अधिकृत प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा ने सभी जिला पंचायत अध्यक्षों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ब्लॉक प्रमुखों के 14 अन्य प्रत्याशियों के नामों के ऐलान के साथ अब तक 77 प्रत्याशियों की

■ चार और जनपदों में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित, 12 में से 7 महिलाओं को बनाया जिपं उम्मीदवार

सूची पार्टी द्वारा जारी कर दी गई है। शेष ब्लॉक प्रमुखों के उम्मीदवारों के नामों का भी ऐलान जल्दी पार्टी द्वारा कर दिया जाएगा। शनिवार को जारी सूची के अनुसार रुद्रप्रयाग से पूनम कठेत, टिहरी से सोना सजवाण ,चंपावत से आनंद सिंह अधिकारी और उधम सिंह नगर से अजय मौर्या को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए उत्तरकाशी से रमेश चौहान ,चमोली से दौलत सिंह बिष्ट, देहरादून से मधु चौहान, पौड़ी गढ़वाल से रचना बुटोला, पिथौरागढ़ से जितेंद्र प्रसाद, बागेश्वर शोभा आर्य, अल्मोड़ा हेमा गैडा और नैनीताल से दीपा दगवाल को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा ने प्रदेश के 12 जिला पंचायत उम्मीदवारों में से सात महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है।

# UPCL ने हर्षिल घाटी में बहाल की बिजली आपूर्ति

## आपदा के बाद बहुत कम समय में बिजली व्यवस्था की सुचारू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जनपद के हर्षिल घाटी में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के कारण विद्युत तंत्र पूरी तरह ठप हो गया था। लगातार भारी वर्षा, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से पोल, तार, ट्रांसफार्मर और उपसंस्थानों को गंभीर क्षति पहुँची तथा सड़क मार्ग बाधित होने से राहत सामग्री और उपकरण पहुँचाना एक बड़ी चुनौती बन गया। इस विकट परिस्थिति में उत्तराखण्ड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने त्वरित और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए अल्प समय में विद्युत आपूर्ति बहाल कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की।

यह कार्य दो चरणों में संपन्न हुआ। पहले चरण में 125 केवीए क्षमता के डीजल जनरेटर सेट को देहरादून एयरपोर्ट से चिन्यालीसौड़ होते हुए हर्षिल तक एयरलिफ्ट किया गया। इसके साथ ही कंडक्टर, पोल, सर्विस लाइन, इंसुलेटर और अन्य आवश्यक उपकरण भी हवाई मार्ग से भेजे गए। इस प्रक्रिया में हेलीकॉप्टर से भारी सामग्री की ढुलाई की गई, जिसके लिए सेना और प्रशासन के साथ समन्वय/तालमेल रखा गया। यूपीसीएल की 10 सदस्य दलों की टीम को भी हेलीकॉप्टर के माध्यम से विद्युत सामग्री के साथ हर्षिल घाटी तक पहुँचाया गया।दूसरे चरण में यूपी सीएल के इंजीनियरों और लाइनमैनों ने हाई अलर्ट मोड में मौके पर दिन-रात काम करते हुए क्षतिग्रस्त पोल और तारों को बदला, नई सर्विस लाइनों को जोड़ा और डिजि सेट के माध्यम से अस्थायी आपूर्ति शुरू की। इसके अतिरिक्त, सौर ऊर्जा तथा माइक्रो हाइड्रो ग्रिड को भी जोड़ा गया, जिससे घाटी में स्थिर और सतत बिजली उपलब्ध कराई जा सकी। बता दें कि माइक्रो हाइड्रो ग्रिड से 25 किलो वॉट का ऊर्जा उत्पादन हो रहा है जिससे माँ गंगा जी के शीतकालीन स्थल मुखवा गाँव में विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया में जटिल मौसम, लगातार वर्षा, ठंड और ऊंचाई पर काम करने जैसी चुनौतियों को पार किया गया। हेलीकॉप्टर से भारी उपकरण और सामग्री ले जाना तकनीकी और लॉजिस्टिक दृष्टि से जटिल था, लेकिन बिजली विभाग की टीम ने इसे सफलतापूर्वक सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम समयावधि में कार्य पूर्ण किया गया। स्थानीय प्रशासन, सेना और जनता के सहयोग से आपातकालीन पावर बैकअप तुरंत उपलब्ध कराया गया। यूपी सीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि "हर्षिल घाटी में बिजली बहाल करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन हमारी टीम ने त्वरित कार्य कर इसे संभव कर दिखाया।

# सरकार की नीतियों के विरोध में बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तरांचल बैंक एम्पलाइज यूनियन जिला उधम सिंह नगर इकाई के बैंक कर्मचारियों ने भारत सरकार और वित्त मंत्रालय के खिलाफ बैच लगाकर अपना रोष और प्रदर्शन किया।

सभी बैंकों के कर्मचारी बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा बाजपुर रोड काशीपुर में इकठा हुए और एक सभा की, जिसका संचालन कामरेड सहायक महामंत्री स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा और संयोजक कामरेड महामंत्री सत्यपाल शर्मा व कामरेड उप महामंत्री अर्पित सिंह ने किया। इस दौरान कामरेड मेहरोत्रा ने बताया कि भारतीय सरकार और वित्त मंत्रालय की मनमानी के कारण हम जिन चीजों का विरोध कर रहे हैं उनमें 100 प्रतिशत एफडीआई इन इंश्योरेंस सेक्टर में डिस इन्वेस्टमेंट इन रीजनल रूरल बैंक्स और आईडीबीआई बैंक को प्राइवेट हाथों में ना बेच जाए, कर्मचारी विरोधी नीतियों व नियमों को समाप्त किया जाए, बैंक के ग्राहकों की जमा राशि की पूरी सुरक्षा हो, अनैतिक तत्वों द्वारा ग्राहकों की जमा राशि पर जो हमला हो रहा है उसको तुरंत रोका जाए। इस मौके पर कामरेड अमित कुमार, शोभा शर्मा, हरिओम, राजू सिंह, राजेंद्र कुमार, नंदन गिरी, रमेश जोशी, अंकित कुमार के साथ ही केनरा बैंक यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, पंजाब नेशनल बैंक, नैनीताल बैंक, सेंट्रल बैंक आदि के सदस्यों ने भाग लिया।

# धराली आपदा पर केंद्र की नजरः अठावले

## कहा -हरसंभव मदद दे रही केंद्र सरकार , प्राकृतिक आपदाएं मानव नियंत्रण से बाहर, धराली में राहत कार्य जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामद. ास अठावले ने कहा कि केंद्र सरकार धराली आपदा की स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएँ वर्तमान में मानव नियंत्रण से बाहर हैं, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार, दोनों प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाने और स्थिति को शांत करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

शनिवार को देहरादून स्थित बीजापुर गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उत्तरकाशी के धराली में हाल के घटनाक्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएँ वर्तमान में मानव नियंत्रण से बाहर हैं, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार, दोनों प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाने और स्थिति को शांत करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में दलितों पर अत्याचार की घटनाएँ मौजूद हैं, लेकिन इन्हें कम करने के लिए राज्य सरकार और केंद्र दोनों प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दलितों में जागरूकता बढ़ने से वह न्याय के लिए अब पुलिस के पास पहुँचने लगे हैं। उन्होंने संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया और बताया कि 1989 का अत्याचार अधिनियम, जो 1955 के पीसीआर अधिनियम के बाद आया, ने ऐसे मामलों को गैर-जमानती बनाकर इन घटनाओं में कमी लाई है। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए उन्होंने वृद्धाश्रम योजना की जानकारी दी।

### कल्याण और पुनर्वास पहल



अठावले ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान देश के हर जिले में लागू किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक देशभर में 1,700 से अधिक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिन पर लगभग 345 करोड़ खर्च हुए हैं और जिन्हें अस्पतालों व डॉक्टरों का सहयोग प्राप्त है।

# धराली तबाही के बाद गंगोत्री धाम में पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पांच अगस्त को धराली में हुऐ जल प्रलय के चलते श्रद्धालुओं की चहलकदमी से गुलजार रहने वाले गंगोत्री धाम में दूर-दूर तक सन्नाटा पसरा हुआ है। पिछले पांच दिनों से से यात्रा पर आपदा की बुरी मार पड़ी है।

गंगोत्री धाम के रावल राजेश सेमवाल ने बताया कि तीर्थ धाम में पिछले पांच दिनों से विधुत,संचार, सड़क मार्ग से बंद होने से देश दुनिया से अलग थलग पड़ा है। आपदा ने गंगोत्री की यात्रा से अपनी आजी. विका चलाने वाले हजारों लोगों को बेरोजगार कर दिया है। पतित पावनी मां गंगा की नगरी गंगोत्री धाम में कभी मंदिर, दुकानों, होटलों, आश्रमों में हजारों श्रद्धालुओं की चहलकदमी से गुलजार रहते हैं वहां इन दिनों मात्र कुछ तीर्थ पुरोहित, साधु संत दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि पांच अगस्त को आपदा में गंगोत्री धाम के मुख्य पड़ाव धराली में तबाह हो गया था। इस आपदा में दर्जनों लोग लापता हो गये है। जबकि, गंगोत्री हाईवे कम से कम 19 स्थानों पर अवरूद्ध हो गई तीन स्थानों पर हाईवे वाश आउट हो गई वहीं लिम्चा गाड़ से एक 30 मीटर का पुल बहा ले गया है।

# राज्यपाल को विवि की बहनों व छात्राओं ने बांधी राखी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शनिवार को राजभवन में प्रजा. पिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व. विद्यालय की बहनों ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन को प्रेम, विश्वास और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया।



इसी क्रम में एसओएस चिल्ड्रन विलेज भीमताल, सेपियंस स्कूल विकासनगर तथा हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड की छात्राओं ने भी राज्यपाल को राखी बांधकर शुभकामनाएं प्रेषित की। राज्यपाल ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे त्यौहार हमें अपने संबंधों की पवित्रता और समाज में एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक है, जो पारिवारिक बंधनों को और मजबूत करता है तथा समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे की भावना को गहरा बनाता है। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, वित्त नियंत्रक राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर।** चैती मेले से चोरी हुई बाईक की पुलिस ने करीब चार माह बाद बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में मौहल्ला थाना साबिक न्याज नगर निवासी अनवर पुत्र अब्दुल समद ने बताया कि वह बीती 2 मई 2025 को अपनी स्पलेण्डर प्लस बाईक संख्या यूके18जे 9475 से 10 बजे चैती मेला गया था जहां उसने अपनी बाईक को एक चाट भण्डार के सामने खड़ा किया था, कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो वह बाईक वहां नहीं खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है।

# कन्या गुरुकुल छात्राओं व पर्यावरण मित्र महिलाओं ने मंत्री जोशी को बांधी राखी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शनिवार को हाथीबड़कला स्थित शासकीय आवास पर कन्या गुरुकुल महाविद्यालय देहरादून की छात्राओं एवं पर्यावरण मित्र महिलाओं ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन की



बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री जोशी ने सभी बहनों को उपहार भेंट कर सभी का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि ष्रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व ही नहीं, बल्कि यह हमारे रिश्तों में विश्वास, प्रेम और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# प्रशासन के प्रयास से विकास की ओर अग्रसर दून शहरः डीएम

## 11 जंक्शनों पर भी नवीन ट्रैफिक लाइट का कार्य हुआ पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी की पहल पर राजधानी देहरादून को सुंदर और पौराणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से संवारने के लिए अभिनव कार्य किए जा रहे है। इसमें देहरादून स्थित साई मंदिर जंक्शन, कुठालगेट और दिलाराम चौक का पहाड़ी शैली में सौन्दर्यीकरण का काम अब अंतिमचरण में है। जिसके अंतर्गत राज्य की सांस्कृतिक विशेषताओं को दर्शाती हुई कलाओं के माध्यम से चौराहे के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

शहर में नव निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यो के लिए जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी बजट से 10 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया है। इसके साथ ही लोक परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर, और धार्मिक स्थलों की कलाकृतियों के साथ राज्य आंदोलनकारियों की स्मृतियों को भी चौराहों और मुख्य मार्गो पर प्रदर्शित कराया जा रहा है, ताकि देहरादून आने वाले पर्यटकों को यहां की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिल सके। राजधानी देहरादून में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्व है।डीएम के निर्देश पर देहरादून के 11 प्रमुख जंक्शनों पर ट्रैफिक लाइट लगाने पूर्ण हो गया है, जिसके अन्तर्गत महाराणा प्रताप चौक, नालपानी चौक, मोथोरावाला, आईटी पार्क, टांस्पोर्टनगर में लाईट लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है तथा प्रेमनगर चौक, सुधोवाला चौक, रांगड़वाला, धूलकोट तिराहा, सेलाकुई बाजार तिराहा, डाकपत्थर तिराहा में जल्द कार्य पूर्ण हो जाएगा। जिलाधिकारी के प्रयासों से शहर में 05 वर्षों में प्रथम बार प्रमुख चौराहों पर लगे पुलिस के सीसीटीवी कैमरे भी इंटीग्रेट करवाए जा चुके है। जिससे सड़को पर सुरक्षित यातायात की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# माहरा के धराली दौरे से भाजपा के पेट में दर्दः धस्माना

## आपदा कार्यों में हो रही लापरवाही की पोल खुलने के डर से दो दिन तक माहरा को भटवाड़ी से आगे नहीं जाने दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के उत्तरकाशी जिले के आपदा ग्रस्त धराली हर्षिल क्षेत्र के दौरे से भाजपा नेतृत्व में जो बौखलाहट है वह आपदा कार्यों में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की पोल खुलने का डर है और इसीलिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के दौरे पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने बेहद हल्की टिप्पणी की है।

यह बात शनिवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। धस्माना ने यह पलटवार कल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा दिए गए उस बयान पर किया जिसमें उन्होंने कहा



■ आपदा राशि को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश
■ नेपाली व बिहारी मजदूरों के परिजन अपनों की तलाश में भटक रहे

कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का आपदा ग्रस्त क्षेत्र का दौरा और कुछ नहीं केवल आपदा में अवसर तलाश करना है। धस्माना ने कहा कि स्वयं तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ऐसी दुख की घड़ी में जिला पंचायत चुनाव के लिए प्रदेश भर में जिला पंचायत सदस्यों की खरीद फरोख्त में लगे हैं और सबसे अफसोसनाक बात तो यह है कि जिस उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री धराली हरसिल में यह भयंकर महा आपदा आई है उसी जिले के जिला पंचायत सदस्यों को धूम धाम के साथ हंसी ठहाकों के बीच भाजपा में शामिल किया गया और इससे ज्यादा शर्म की बात यह है कि भाजपा के इस कार्यक्रम में अध्यक्ष समेत भाजपा में शामिल होने वाले निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष ने दो शब्द भी श्रद्धांजलि के आपदा में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए नहीं बोले। धस्माना ने कहा कि कायदे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को आपदा ग्रस्त धराली हरसिल में कैंप कर वहां की लोगों की सेवा में अपने कार्यकर्ताओं। और नेताओं के साथ जुटना चाहिए था किंतु वे तो पंचायत चुनावों के लिए जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की खरीद फरोख्त में मशगूल हैं।

धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री माहरा आपदा की सूचना मिलते ही उसी दिन रात्रि में कुमाऊं से आपदा प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हो गए और भटवाड़ी में प्रशाशन द्वारा दो दिन तक जब उनको आगे जाने की। अनुमति नहीं दी गई तो वे पैदल ही खतरनाक चट्टानों पर रस्सियों से मंकी क्रॉलिंग करते हुए व तेज भाव वाले पानी में गटर व बल्लियों के सहारे पानी पार कर बयालीस किलोमीटर पैदल चल कर धराली हरसिल पहुंचे और लोगों से मुलाकात कर उनका दुख दर्द साझा किया और सेना आईटीबीपी एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के लोगों से मिले व उनकी हौसला अफजाई की। धस्माना ने कहा कि माहरा ने जो बयालीस किलोमीटर का रास्ता पैदल चल कर तय किया वहीं काम स्थानीय जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी कर सकते थे किंतु दो दिनों तक खराब मौसम टूटी हुई सड़क का भाना बना कर राहत बचाव कार्य बहुत धीमी गति से हुआ जिसके कारण बहुत सारे प्रभावित लोगों को बचाया जा सकता था।

# शांतिकुंज में रक्षाबंधन पर श्रावणी उपाकर्म का भव्य आयोजन

## शैलदीदी ने बांधे रक्षासूत्र, साधकों ने लिया जीवन में सत्कर्म अपनाने व पौधारोपण का संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सामूहिक श्रावणी उपाकर्म संस्कार का भव्य आयोजन हुआ। इसमें देश-विदेश से अपने गुरुधाम पहुँचे हजारों साधकों ने भाग लिया। इस दौरान हेमाद्रि संकल्प व दश स्थान आदि का वैदिक कर्मकाण्ड शांतिकुंज के प्रशिक्षित आचार्यों की टीम द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। आज से प्रारंभ हुए विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत एक पौधे की पूजा कर की गई। इस अभियान के अंतर्गत वृक्षो रक्षति रक्षित: की भावना से पूरे मास में देशभर में लाखों पौधे रोपने का संकल्प लिया गया है।



अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख शैलदीदी ने कहा कि रक्षाबंधन सामाजिक पर्व के साथ ही आत्मिक सुरक्षा, संयम एवं कर्तव्य परायणता का प्रतीक है। हमें एक-दूसरे के आत्मिक विकास व सुरक्षा हेतु समर्पित रहना चाहिए। रक्षासूत्र हमें यह स्मरण कराता है कि हम सदा सत्कर्म और सच्चाई की डोर से बंधे रहें। कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहिन के पवित्र पर्व के साथ ही भारतीय संस्कृति की उस गहराई को दर्शाता है, जहाँ नारी शक्ति को संरक्षण ही नहीं, सम्मान व सामर्थ्य दिया जाता है। गायत्री परिवार इस पर्व को सभी के आत्मोत्कर्ष और लोकमंगल हेतु आत्मिक संकल्प के रूप में मनाता है। इस अवसर पर शांतिकुंज कार्यकर्ता, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय परिवार सहित देश-विदेश से आये हजारों साधकों को अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रमुख स्नेहसलिला शैलदीदी ने अपने करकमलों से रक्षासूत्र बांधा और उनके जीवन में आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद दिया। वहीं देसंविवि, शांतिकुंज और देश विदेश से आई बहिनों ने गायत्री परिवार के अभिभावक डॉ. प्रणव पण्ड्या जी को रक्षासूत्र बांधकर गुरु-संस्कृति की परंपरा को सजीव किया। इस भव्य आयोजन में उपस्थित साधकों ने भावपूर्ण वातावरण में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ रक्षासूत्र बंधवाकर जीवन में आत्मिक सुरक्षा व सद्गुणों के विकास का संकल्प लिया।

# रक्षाबंधन पर बस अड्डे में रही भारी भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रक्षाबंधन पर बस अड्डे पर यात्रीयों की भारी भीड़ रही। सरकार की और से रक्षाबंधन पर महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर की सुविधा दी गयी है। सुविधा का लाभ उठाने के लिए सवेरे से ही भाईयों को राखी बांधने जा रही महिलाओं की भारी भीड़ बस अडडे में उमड़ी रही। पर्व के चलते बसों में सफर करने वाले यात्रीयों की संख्या भी सामान्य दिनों की अपेक्षा दोगुनी रही। जिससे बस अड्डे में पूरे दिन गहमा गहमी रही। हरिद्वार बस स्टैंड से उत्तराखंड परिवहन निगम और उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा रक्षाबंधन पर नियमित सेवाओं के साथ अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। महिलाओं को फ्री यात्रा की सुविधा देने के लिए अतिरिक्त बसों के संचालन के बावजूद भारी भीड़ के सामने इंतजाम नाकाफी नजर आए। लोग अपने रूट की



बसों में सीट की तलाश में भटकते नजर आए। भाईयों को राखाी बांध ने जा रही महिलाओं के अलावा त्यौहार मनाने घर जा रहे सिडकुल में काम करने वाले दूसरे जनपदों और प्रदेशों के लोग भी बड़ी संख्या में बसों में सवार होने के लिए बस स्टैंड पहुचे। लेकिन भारी भीड़ के चलते उन्हें भी समस्या का सामना करना और बस की तलाश में इधर उधर भटकते रहे। भारी भीड़ के चलते महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो को बसों में चढ़ने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# धर्मनगरी में उमंग व उल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व धर्मनगरी में उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और भाईयों ने उपहार आदि भेंटकर बहनों को हर सुख दुख में साथ निभाने और रक्षा करने का वचन दिया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर धर्मनगरी हरिद्वार में उल्लास का वातावरण बना रहा। घरों में रक्षाबंधन पर विशेष रूप से बनने वाली सेवईयां बनायी गयी। भाईयों को राखी बांध ने मायके आयी बहनों का भाईयों ने स्वागत किया। बहनों ने मंगल टीका लगाकर और आरती उतारकर भाईयों को राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनके स्वस्थ व सुखी जीवन की कामना की। भाईयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए। साथ ही सुख





दुख में साथ देने और संकट में रक्षा का वचन दिया। रक्षाबंधन पर बाजारों में भी खूब रौनक रही। खासतौर पर राखीयां, मिठाईयां, गिफ्ट आईटम की दुकानों पर भारी भीड़ रही। मेहमानों के आने से घरों में रौनक और चहल पहल रही। यशस्वी, संस्कृति व स्वीकृति ने अपने भाई शिवायु शाह की कलाई पर राखी बांधी। खुशी ने अपने भाई अंश को राखी बांधी। खुशी, साक्षी ने अपने भाई राज और रोनक के कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर खुशीयों के साथ राखी पर्व मनाया।

# तीर्थ पुरोहितों ने हरकी पैड़ी पर श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम का किया आयोजन

## गंगा में हेमाद्रि संकल्प स्नान कर यज्ञोपवीत एवं रक्षा सूत्रों का संधन व अभिसिंचन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रक्षाबंधन पर तीर्थ पुरोहितों ने हरकी पैड़ी पर श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम का आयोजन कर हेमाद्रि संकल्प स्नान किया तथा वर्ष भर उपयोग होने वाले यज्ञोपवीत एवं रक्षा सूत्रों का संधान एवं अभिसिंचन् किया गया। यही यज्ञोपवीत एवं रक्षासूत्र वर्ष भर होने वाले धार्मिक कार्यों में पुरोहितों के द्वारा प्रयोग किये जाते हैं। श्री गंगासभा अध्यक्ष नितिन गौतम व महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि देवासुर संग्राम के समय भी इंद्र की शक्ति बढ़ाने के लिए इंद्राणी ने देवगुरु बृहस्पति से रक्षासूत्र का अभिसिंचन् करवाया था। इंद्र की कलाई पर वह रक्षा सूत्र बांधा गया और तत्पश्चात देवो की विजय हुई। इस अवसर पर श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, स्वागत



मंत्री डा.सिद्धार्थ चक्रपाणी, उपसभापति यतीन्द्र सिखोला, प्रचार मंत्री गोपाल प्रधान, सचिव वीरेंद्र कौशिक, सचिव शैलेश मोहन, सचिव उज्ज्वल पंडित, दीपकांत सरायवाले, विकास शर्मा, दीपांकर चक्रपाणि, शिवांकर चक्रपाणि, शोभित खेड़ेवाले, डा.प्रशांत पालीवाल, अतुल कीर्तिपाल, सुरभित शर्मा, अमित झा, अवनीश सरयें, अरुण शर्मा, विनायक पचभैया, विशाल सिखौला, राघवेंद्र शर्मा, बनारस से आए प्रो. विवेकानंद तिवारी, पंकज तिवारी आदि पुरोहित उपस्थित रहे। आचार्य अमित शास्त्री ने श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम संपन्न कराया।

# शिवालिक नगर पालिका की लापरवाही, सड़कों पर जानलेवा गड्ढे, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर पालिका परिषद की बदहाल सड़कों की हालत इतनी खराब है कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मुख्य सड़क से लेकर एस क्लस्टर कॉम्प्लेक्स तक जगह-जगह गहरे गड्ढे मौत को दावत दे रहे हैं। एस क्लस्टर और एल क्लस्टर की सड़कों पर वाहन चालकों को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 7 में स्थित टिहरी विस्थापित कॉलोनी के ए-8, ए-9, ए-13 और ए-16 के मुख्य मार्ग और उप मार्ग महीनों से नहीं बनाए गए हैं। स्थिति यह है कि बरसात में गड्ढे पानी से भरकर और



खतरनाक हो जाते हैं। बेनना एन्क्लेव, फ्रेंड्स कॉलोनी और रानीपुर गांव (पीएसी पेट्रोल पंप के पास) की सड़कों पर भी भारी क्षति है, जिससे स्थानीय लोग आए दिन हादसों के खतरे के बीच जी रहे हैं। पालिका की अनदेखी और सुस्त रवैये पर लोगों में गहरा आक्रोश है।

# भगवान शनिदेव की लीला अपरंपार : महंत कौशलपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी ने कहा कि भगवान शनिदेव की लीला संसार में अपरंपार है। शनिदेव पलभर में गरीब को अमीर बना देते हैं और करोड़पति को खाकपति बना देते हैं। मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आती है। प्रथम बार बचपन में, दूसरी बार युवावस्था में और तीसरी बार वृद्धावस्था में। उन्होंने कहा कि शनिदेव ही साढ़ेसाती के संकट को दूर करते हैं। शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार की रात में काले चने पानी में भिगों दें। शनिवार को भीगे चनों का प्रसाद करें। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं और साढ़ेसाती का प्रभाव कम होता है। इसके अलावा अमावस्या की रात में 8 बादाम और काजल की डिबिया को काले कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा सदैव बनी रहती है और कारोबार में बरकत होती है। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि देवताओं के न्यायाधीश शनिदेव सद्मार्ग पर चलने और सत्य आचरण का पालन करने वालों पर सदैव प्रसन्न रहते हैं। इसलिए जीवन में सदैव सत्याचरण का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलें। गरीब, असहाय लोगों की मदद करें। अपनी आय का दसवां हिस्सा धर्म कार्य के लिए उपयोग करें। नशे से दूर रहें और सात्विक आहार और व्यवहार नियम का पालन करें। उन्होंने कहा कि शनिदेव अत्यन्त कृपालु देवता है। जो व्यक्ति पूर्ण श्रद्धाभाव से 7 शनिवार शनिदेव की पूजा अर्चना करता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

# अतिक्रमण पर कार्रवाई, पक्षपात के आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर में शुक्रवार को भेल प्रशासन, एसडीएम जितेंद्र कुमार, पुलिस प्रशासन, पालिका कर्मियों और शिवालिक नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 32 साल पुराना एक खोखा भी तोड़ा गया। मुख्य सड़क के दोनों तरफ लंबे समय से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे कई लोगों का रोजगार समाप्त हो गया। स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या कानून केवल गरीबों के लिए है? उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े होटल, मॉल, कोचिंग संस्थान और अस्पताल बिना पर्याप्त पार्किंग और फायर नॉर्म्स पूरे किए संचालन कर रहे हैं। सवाल यह भी उठाया



गया कि इन संस्थानों को अनुमति और नक्शा पास करने का जिम्मेदार कौन है। निवासियों का आरोप है कि शिवालिक नगर में कई आवासीय मकानों में भी वाणिज्यिक कार्य चल रहे हैं, जबकि यह स्पष्ट नहीं है कि उनके नक्शे व्यावसायिक उपयोग के लिए पास हुए हैं या नहीं। लोगों ने कार्रवाई में पक्षपात का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि कुछ लोगों के स्टॉल और ढांचे पूरी तरह हटा दिए गए, जबकि कुछ को हटाने के बजाय मौखिक चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस कथित भेदभाव ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# रानीपुर विधानसभा में तीन सड़कों के निर्माण को 2.32 करोड़ की मंजूरी, जल्द शुरू होगा काम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण के तीन प्रमुख कार्यों को शासन से वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। शासन ने कुल 232.64 लाख रुपये की मंजूरी देते हुए जीओ जारी कर दिया है, साथ ही 30,000 रुपये की टोकन राशि भी जारी कर दी गई है। यह स्वीकृति रानीपुर विधायक आदेश चौहान के प्रस्ताव पर दी गई है। परियोजना के तहत नगरपालिका शिवालिकनगर वार्ड-13 के केशवनगर में आंतरिक गलियों की इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण, रोशनाबाद की आंतरिक गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण और ग्राम सभा रावली महदूद की आंतरिक सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का कार्य किया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 2.5 किमी सड़क का निर्माण होगा, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। विधायक आदेश चौहान ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की विकासपरक सोच के कारण रानीपुर विधानसभा में तेजी से कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन सड़कों की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। चौहान ने कहा कि भाजपा शासनकाल में रानीपुर विधानसभा में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है।



# रक्षाबंधन के महापर्व पर श्रावणी उपाकर्म किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शनिवार को धर्म रक्षा मिशन द्वारा राजघाट कनखल में श्रावणी उपाक्रम रक्षाबंधन के महापर्व पर श्रावणी उपाकर्म किया गया जिसमें सभी ब्राह्मणों ने मिलकर यज्ञोपवितों की प्राण प्रतिष्ठा की उससे पूर्व वर्ष भर के किए हुए जाने अनजाने पापों का प्रायश्चित रूप दश विद स्नान किया । आचार्य नितिन शुक्ला जी के सानिध्य में श्रावणी उपाकर्म किया गया।

गंगा जी की मृतिका, भस्म, गांय के गोबर से स्नान, पंचगव्य प्राशन, ऋषि तर्पण आदि किया। तत्पश्चात गणपति नवग्रह कलश इत्यादि की पूजा कर कर सप्त ऋषियों की स्थापना की सप्तर्षियों की स्थापना के पश्चात यज्ञोपवीत में सभी देवी देवताओं का आवाहन प्राण प्रतिष्ठा पूजन आदि किया। ऋषियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं कृपा



प्राप्त करने के लिए वेद पाठ आदि किया गया, जिसमें सभी ब्राह्मणों ने भाग लिया। श्रावणी उपक्रम में भाग लेने में आचार्य नितिन शुक्ला, डा. प्रतीक मिश्रापुरी, दीप रतन शर्मा नीरज शुक्ला विनीत पाराशर अभिनव शुक्ला, यज्ञ चक्रपाणि, मनोज शर्मा, आदित्य शर्मा अंकित शर्मा, रचित शर्मा, नीतीश सिखोला, अमित मिश्रा, मनोज शर्मा, प्रहलाद चौबे, योगेश शर्मा, दीपांशु कौशिक, अनमोल वशिष्ठ, अक्षत वशिष्ठ, नितिन झा, शिवम गौतम, मानविक गौतम आदि ब्राह्मणों ने श्रावणी उपक्रम विधि विधान से किया।

# स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम मेंरक्षा सूत्र कार्यक्रम का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर भूपतवाला स्थित स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम में रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया और ब्रह्मलीन स्वामी सुभाषानंद को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान कई राज्यों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने अपने गुरूजनों को रक्षा सूत्र बांधा और उनसे आशीर्वाद लिया। आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी कृष्णानंद के सानिध्य में आयोजित रक्षा सूत्र कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति ब्रह्मलीन स्वामी सुभाषानंद ने जीवन पर्यन्त सनातन संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में अपना योगदान किया। स्वामी कृष्णानंद महाराज आश्रम की सेवा परंपरा और आध्यात्मिक गतिविधियों को जिस प्रकार आगे बढ़ा रहे हैं। वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। फूलमाला पहनाकर सभी संत महापुरूषों का स्वागत करते हुए स्वामी अमृतानंद एवं स्वामी जतिन्द्रानद ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी सुभाषानंद तपस्वी संत थे। उन्होंने गुरू परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए समाज में आध्यात्मिक जनजागरण करने में अहम योगदान दिया। इस अवसर पर स्वामी विनोद महाराज, स्वामी प्रकाशानंद, स्वामी चिदविलासानंद, महंत शिवशंकर गिरी, स्वामी कृष्ण स्वरूप, स्वामी रूपेश दास, महंत रामानंद, महंत रघुवीर दास, महंत सूरज दास, स्वामी नरेशानंद, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी ऋषि रामकृष्ण, स्वामी आनन्द स्वरूप दास, महंत गणेश दास सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महंत व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्वामी कैलाशानंद ने शिव साधना का किया समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्रावण पूर्णिमा पर निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने गंगा तट पर पूजा अर्चना कर पूरे सावन माह की गयी विशेष शिव साधना का समापन किया। स्वामी कैलाशानंद गिरी प्रतिवर्ष पूरे सावन महीने दक्षिण काली मंदिर में एक आसन पर 22-23 घंटे बैठकर विशेष शिव साधना करते हैं। शनिवार को श्रावण पूर्णिमा पर उन्होंने श्री दक्षिण काली मंदिर घाट पर महादेव शिव का विशेष अभिषेक, गंगा पूजन, स्नान और पंचगव्य प्राशन कर साधना का समापन किया। इस दौरान कई संत महंत और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। साधना के समापन के उपरांत श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वाद देते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि देवाधिदेव महादेव शिव ही संसार की उत्पत्ति और संहार के कारक हैं। समस्त सृष्टि शिव से उत्पन्न होती है और उनमे ही समाहित हो जाती है। उन्होंने कहा कि स्वर्ग से आयी गंगा के वेग को अपनी जटाओं में संभालने वाले महादेव शिव अत्यन्त भोले हैं और अपने भक्तों पर सदैव कृपा करते हैं। सावन उनकी कृपा प्राप्त करने सबसे उत्तम अवसर है। सभी भक्तों को सावन में नियमपूर्वक शिव आराधना अवश्य करनी चाहिए। इससे परिवार का कल्याण होता है।

# धराली त्रासदी: पतंजलि योगपीठ ने बढ़ाया मदद का हाथ, राहत सामग्री रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में आई भीषण आपदा के पीड़ितों की सहायता के लिए पतंजलि योगपीठ आगे आया है। पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव, महामंत्री आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि फूड्स के एमडी रामभरत ने शनिवार को प्रारंभिक रूप से तीन ट्रक राहत सामग्री रवाना की। इस सामग्री में आटा, चावल, दाल, नमक, मसाले, तिरपाल, बर्तन, साबुन, टूथपेस्ट व ब्रश जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, जो हर्षिल और धराली के करीब 500 प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई जाएंगी।

स्वामी रामदेव ने कहा कि जान गंवाने वालों को वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन पीड़ित




परिवारों को हर संभव राहत दी जाएगी। उन्होंने बड़ी स्वदेशी और मल्टीनेशनल कंपनियों से भी आपदा राहत में योगदान देने की अपील की। रक्षाबंधन के अवसर पर उन्होंने अमेरिका की "आर्थिक गुंडागर्दी" के खिलाफ देशवासियों को एकजुट होने का आहवान करते हुए स्वदेशी अपनाने और डॉलर के वर्चस्व को खत्म करने की बात कही। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि पहले भी 2004 की सुनामी, 2008 बिहार बाढ़, 2013 केदारनाथ त्रासदी और नेपाल भूकंप जैसे संकटों में सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी। इससे पूर्व पतंजलि योगपीठ में श्रावणी उपाकर्म और रक्षाबंधन पर्व मनाया गया, जहां संन्यासिनी बहनों और गुरुकुल की छात्राओं ने स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राखी बांधकर रक्षा का आशीर्वाद लिया।

# 12 किलो अवैध मांस के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में दुकान के अंदर अवैध तरीके से भैंस वंशीय पशु का कटान कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए है। उसके कब्जे से 12 किलो अवैध मांस व काटन के उपकरण एक इलेक्ट्रॉनिक तराजूबरामद किया है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि व्यक्ति गायत्री विहार कालोनी सराय में दुकान के अन्दर अवैध पशु का कटान कर रहा है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दुकान में छापा मारा तो दुकान का शटर खोलकर अन्दर देखा तो एक व्यक्ति अवैध भैंस



वंशीय पशु काट रखा है।आरोपी को युवक को मौके पर ही पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ मे अपना नाम हारुन पुत्र गुलजार निवासी मोहल्ला कस्सावान कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार बताया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय जादौन ने मौके पर पहुंचकर कटे पशु का निरीक्षण कर बताया भैंस वंशीय पशु का मास होना बताया है।फिर भी वास्तविकता जानने के लिए मांस का नमूना लेकर परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। बरामद काटे पशु मांस को चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में नष्ट किया गया। आरोपी को न्यालयल के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक गंभीर तोमर, हेड कां दलवीर भंडारी, कां. मनोज डोभाल, कां. कर्म सिंह, कां. यशवंत सिंह शामिल रहे हैं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# शहर व देहात में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

## कुछ बहनों ने लंबा सफर तय कर भी बांधी भाई की कलाई पर राखी, तो कुछ भाई भी दूर दराज से पहुंचे बहनों के घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर से देहात तक धूमधाम के साथ रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया गया। कुछ बहनों ने दूर से लंबा सफर तय कर जहां अपने भाइयों की कलाई पर राखी का प्यार बांधा तो कुछ भाइयों ने भी दूर दराज से अपनी बहन के घर पहुंच कर राखी बंधवाई और खूब बहनों पर प्यार लुटाया, तोहफे दिए। इस दौरान गाड़ियों में भीड भाड रही तो दुपहिया व चौपहियां वाहनों में भी भीड का बोल बाला रहा। राज्य सरकार ने भी रक्षाबंधन के पर्व में बहनों को तोहफे के रूप में फ्री सफर का गिफ्त दिया। लेकिन बहन भाई के असीम अटूट प्यार के इस पर्व रक्षाबंधन को मनाने के लिए आज जहां बाजारों में पूरी भीड़ रही तो बसें भी खचाखच भरी दिखाई दी तो कुछ भाईयों ने बसों पर लटक कर सफर किया।

शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार पूरे ही देश में हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया तो रूडकी शहर व देहात क्षेत्र में भी रक्षाबंधन की खूब धूम रही। बहनों द्वारा अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर तथा टिका कर भगवान से सुख शांति की कामना की गई। रक्षाबंधन का त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है ।शनिवार को रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनों द्वारा अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भगवान से सुख शांति की कामना की गई। भाइयों ने भी बहनों को उनकी रक्षा का संकल्प लिया तथा अपनी श्रद्धा अनुसार नेग भी बहनों को दिया गया । किवदंती है कि प्राचीन काल में असुरो के राजा बलि व देवताओं में युद्ध हो गया था। इस युद्ध में देवताओं को काफी नुकसान हुआ था। देवताओं के कहने पर भगवान विष्णु बामन का वेश बनाकर राजा बलि के दरबार में गए तथा राजा बलि से तीन पग धरती दान में मांग ली थी। राजा बलि ने वामन रूपी विष्णु को तीन पग धरती दान में देते हुए मापने को कहा ।भगवान वामन द्वारा पूरी धरती को एक पग में नाप लिया तथा दूसरे पग में पूरे आकाश मंडल को नापकर भगवान वामन ने कहा कि तीसरा पग कहां रखु। इस पर राजा बलि ने अपने सिर पर तीसरा पग रखने को कहा। भगवान विष्णु राजा बलि से प्रसन्न हो गए तथा उन्होंने राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया। भगवान विष्णु ने राजा बलि को एक वर मांगने को कहा राजा बलि ने विष्णु से वर मांगते हुए अपने साथ उन्हें भी पाताल लोक में रहने को कहा। वर के अनुसार राजा बलि के साथ भगवान विष्णु भी पाताल लोक में रहने लगे ।लक्ष्मी को पता लगने पर लक्ष्मी पाताल लोक में गई तथा राजा बलि को अपना भाई मानते हुए उसे रक्षा सूत्र बांधा ।इसके बदले में लक्ष्मी द्वारा विष्णु को मांग लिया गया था। जब से ही रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता है ।महाभारत काल में भी द्रौपदी ने भगवान कृष्ण को अपनी साड़ी का पल्लू फाड़ कर उन्हें रक्षा सूत्र बांधा था। भगवान कृष्ण ने उसके बदले द्रोपदी चीर हरण के साथ-साथ महाभारत युद्ध में भी उसके पतियों की रक्षा की थी।



❖बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर सुरक्षा का भरोसा लिया, तो भाइयों ने भी खूब प्यार लुटाया









# स्नेह-सूत्र से बंधा अटूट विश्वास का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रक्षा बंधन, जिसे स्नेह बंधन भी कहा जाता है, भारतीय संस्कृति का वह अनुपम पर्व है जो भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के पवित्र रिश्ते को अमर करता है। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाने वाला यह पर्व, न केवल रेशम के धागे का बंधन है, बल्कि भावनाओं, जिम्मेदारियों और जीवनभर के साथ का अदृश्य अनुबंध भी है।

सुबह से ही घरों में उल्लास का वातावरण होता है। बहनें थाल सजाकर उसमें रक्षा सूत्र, रोली, चावल और मिठाई रखती हैं। भाई, अपनी कलाई पर बँधे उस रेशमी सूत्र के साथ यह वचन देता है कि जीवन के हर उतार-चढ़ाव में वह अपनी बहन की रक्षा करेगा। वहीं, बहनें भाई के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और समृद्धि की मंगलकामना करती हैं। यह पर्व केवल रिश्तों के उत्सव तक सीमित नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी देता है ख्र कि सुरक्षा और सम्मान केवल संबंधों में ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति के प्रति हमारा कर्तव्य है। आधुनिक समय में यह पर्व हमें याद दिलाता है कि विश्वास, स्नेह और एक-दूसरे की रक्षा का संकल्प ही मानवता का आधार है। रक्षा बंधन का यह पवित्र अवसर, हमें हर वर्ष यह स्मरण कराता है कि चाहे समय कितना भी बदल जाए, स्नेह और विश्वास के धागे कभी नहीं टूटते। यह बंधन हर युग में उतना ही दृढ़ और उज्ज्वल रहेगा, जितना आज है।



# रक्षाबंधन पर बाजारों में खरीदारों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** रक्षाबंधन के त्यौहार पर कस्बे के मुख्य बाजार तथा कस्बे से होकर निकलने वाले मुख्य मार्ग पर दोनों और मिष्ठान की दुकान लगने से मिष्ठान की दुकानों के सामने सड़क पर मिठाई खरीदने वाले ग्राहकों की भारी भीड़ लगने से सुबह 7:00 बजे से दोपहर बाद 3:00 तक मुख्य मार्ग तथा मुख्य बाजार में जाम की स्थिति बनी रही।

कस्बे में स्थित मिष्ठान की दुकानो पर सुबह होते ही मिठाई खरीदने वाले लोगों की भारी भीड़ शुरू हो गई थी दोपहर बाद 3:00 तक यही हालात रहे। कस्बे के अमर जवान चौक के पास सड़क मार्ग के दोनों और कुछ लोग त्योहारों पर मिष्ठान बनाकर सड़क के दोनों ओर तख्त आदि डालकर मिष्ठान की दुकान लगा लेते हैं। सड़क पर मिष्ठान की दुकानें लगने से इन दुकानों पर मिष्ठान खरीदने वाले लोगों की काफी भीड़ हो जाती है जिससे यहां से पैदल निकलना भी लोगों के लिए भारी परेशानी का सबक बन जाता है ।यही हाल कस्बे के मुख्य बाजार में भी रहा।



# लंढौरा में भी मचा चोर का शोर, एक संदिग्ध युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** आजकल चोर के शोर ने लोगों की नींद उडी हुई है। ऐसे में लोग घरों के बाहर व छतों पर बैठकर निगरानी में लगे रहते है। इसी निगरानी में लोगों ने संदिग्ध ावस्था में एक युवक को पकड़ लिया। पहले खुद जानकारी जुटाई और उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। चोरों के डर घबराएं वार्ड नंबर पांच के सभासद ने पुलिस को तहरीर देकर पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है।

लंढौरा व देहात क्षेत्र में आजकल चोर का शोर सुनाई दे रहा है। आलम यह है कि लोग रात रात भर जागकर पहरा देकर अपनी व परिवार की सुरक्षा कर रहे हैं। वीरवार की रात कस्बे की रविदास बस्ती के लोग एक संदिग्ध युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंप चुके हैं। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। हालांकि पुछताछ पर पुलिस पकड़े गए युवक को मंदबुद्धि बता रही है। वहीं लंढौरा के वार्ड नंबर पांच के सभासद मुजम्मिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके वार्ड की गोल्डन कॉलोनी जंगल के पास स्थित है। उनका कहना है आए दिन जंगल में देर रात को चोरों की आहट दिखाई देती रहती है। वार्ड वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जिसके चलते कुछ लोग रात भर छतों पर बैठ कर घरों की निगरानी कर रहे है। वार्ड सभासद ने लंढौरा पुलिस से रात्रि गस्त बढ़ाने की मांग की है। चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना कि कस्बे रात्रि गश्त नियमित रूप से चल रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# पांच हजार के इनामी का हाईकोर्ट में सरेंडर

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए नशे के कारोबार में शामिल पांच हजार के इनामी ने हाईकोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जबकि नशे के इंजेक्शनो के सप्लायर की तलाश जारी है।

रुड़की कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 15 अप्रैल 2025 को एक कार सवार को डमडम चौक के पास रोका था। तलाशी में कार से 2915 नशीले इंजेक्शन और 50 हजार की रकम बरामद हुई थी। पूछताछ में कार चालक सुलेमान निवासी गांव बुढाहेड़ी थाना पथरी जिला हरिद्वार ने बताया था कि वह नशे के कारोबार से जुड़ा है। मनोज निवासी मुजफ्फरनगर से एक लाख रुपये में नशे के इंजेक्शन खरीदने की बात कही थी। जबकि कबूल किया था कि खुर्शीद, नूरआलम मुदस्सिर और आस मोहम्मद निवासी गांव बुढाहेड़ी थाना पथरी भी नशे के धंधे से जुड़े हैं। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि खुर्शीद और नूरआलम पर एसएसपी की ओर से पांच-पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। दोनों को कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि मुदस्सिर भी पांच हजार का इनामी था। जिसने हाईकोर्ट में सरेंडर कर दिया है। मनोज निवासी मुजफ्फरनगर की तलाश जा रही है।

# पुलिस ने दबोचा नशे का सौदागर

## भारी मात्रा में प्रतिबंधत नशे की दवाई बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** मुख्यमंत्री धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस कप्तान प्रवेंद्र सिंह डोभाल के दिशा-निर्देश पर पिरान कलियर थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक और नशा तस्कर को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल सोनू कुमार, जमशेद अली और कांस्टेबल विक्रम चौहान की टीम ने मेवड़ कब्रिस्तान के पास दबिश देकर आदतन अपराधी व नशा तस्कर सिराज पुत्र रहमान निवासी बदा रोड, माही ग्रान कोतवाली सिविल लाइन रुड़की को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से करीब 40,000 की कीमत का नशे का माल, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल कीपैड बरामद हुआ। पूछताछ में सिराज ने स्वीकार किया कि उसने पैसों के लालच में यह अवैध धंधा शुरू किया था और उसकी मुलाकात मंगलौर निवासी एक सप्लायर से हुई, जिसके जरिए वह नशा ऊँचे दामों पर बेचने लगा। पुलिस अब इस सप्लायर की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ दर्जनभर आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। संदेश साफ है कि नशे का अंत विनाश है। पुलिस की अपील है कि युवा पीढ़ी नशे के कारोबार और सेवन से दूर रहें, क्योंकि इसका अंजाम सिर्फ जेल या मौत की तरफ ले जाता है।

# चावल कारोबार के नाम पर 25 लाख की ठगी, गुजरात के व्यापारी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** चावल बेचने के नाम पर एक कारोबारी से 25 लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गुजरात के बड़ोदरा निवासी गोपाल हरयानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थिथोला खेमपुर निवासी परवेज आलम ने पुलिस को बताया कि वह इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का कारोबार करता है। इसी दौरान एक परिचित ने उसकी मुलाकात आरोपी गोपाल हरयानी से कराई। आरोपी ने परवेज आलम को चावल सप्लाई करने का भरोसा दिलाया। विश्वास में आकर परवेज ने आरोपी को पांच लाख रुपये नकद दिए, जबकि 20 लाख रुपये दो अलग-अलग बैंक खातों से उसके खाते में ट्रांसफर किए।

आरोप है कि पूरी रकम लेने के बावजूद आरोपी ने न तो चावल की सप्लाई की और न ही पैसे वापस किए। जब परवेज ने रकम वापस मांगनी चाही तो आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कार्यकारी कोतवाली प्रभारी रफत अली ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आईआईटी कर्मचारी से लूट में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी के कर्मचारी से लूट के मामले में फरार एक आरोपी को एक साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने आईआईटी के कर्मचारी से मोबाइल और पर्स छीना था। इस मामले में 27 अगस्त 2024 को अमित गौड़ ने सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को शिकायत की थी। बताया था कि एक आरोपी ने उनसे मोबाइल फोन और चाबी छीन ली। विरोध किया तो आरोपी धमकी देकर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने रिहान निवासी मोहल्ला छिपियान, भगवानपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को सूचना पर पुलिस ने आरोपी रिहान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# ऑनलाइन ऑर्डर निरस्त होने का झांसा देकर 41 हजार रुपये ठगे

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** ऑनलाइन आर्डर निरस्त होने का झांसा देकर दोबारा ऑर्डर कराने के नाम पर पीड़िता से 41 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप है कि एक लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से रकम साफ हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर निवासी पूनम ने शिकायत की। पीड़िता ने सात दिन पहले ऑनलाइन कुछ कपड़े मंगाने के लिए ऑर्डर किए थे जो 13 अगस्त तक आने थे। इससे पहले ही बृहस्पतिवार को पीड़िता के पास एक फोन आया। उसने खुद को ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी से बताया। ठग ने पीड़िता का ऑर्डर निरस्त होने की बात कही। दोबारा आर्डर करने के लिए कुछ औपचारिकता पूरी करने को कहा। महिला को झांसे में लेकर उसने एक लिंक भेजा। उसके कहने पर पीड़िता ने लिंक पर क्लिक किया तो खाते से 41 हजार रुपये कट गए। ये देखते ही महिला ने पुलिस से शिकायत की।

# 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक अवैध नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम पिंकू पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम बाकरपुर थाना कोतवाली लक्सर हरिद्वार उम्र 32 वर्ष बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल देवेंद्र सिंह अजीत तोमर शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## लक्सर व सुल्तानपुर के लिए बड़ी सौगात

# दोनों जगह बनेंगे बाईपास : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक शहजाद के प्रयास से नगर पालिका परिषद लक्सर नगर पंचायत सुल्तानपुर के दोनों जगह बाईपास बनाए जाएंगे। लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि जिलाधिकारी हरिद्वार जिला कार्यालय में एनएच 334ए खानपुर हरिद्वार रोड को फोरलेन बनाने के लिए सरर्वेक्षण पर सहमति के लिए जिलाधिकारी हरिद्वार के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रतिभा किया गया। वहां पर उस वक्त साथ में एनएचएआई के अधिशासी अभियंता सुरेश तोमर समेत विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया प्रस्तावित फोर लेन मार्ग पर लक्सर विधानसभा के अंतर्गत दोनों निकाय क्षेत्र नगर पालिका परिषद लक्सर एवं नगर पंचायत सुल्तानपुर के बाईपास बनाए जाएंगे जो की ग्राम गनौली से ग्राम टीकमपुर लक्सर बाईपास एवं ग्राम टीकमपुर से ग्राम मोहम्मदपुर कुन्हारी से आगे सुल्तानपुर बाईपास का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा साथ ही अन्य जगहों पर एलिवेटेड रोड को ऊंचा कर निर्माण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इन दोनों बाईपास से लक्सर नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत सुल्तानपुर बाईपास से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा इन दोनों बाईपास से खनन के वाहनों एवं गन्ने के वाहनों को भी परेशानी से निजात मिल जाएगी।



# संरक्षित पशु को मुक्त कराया, दो पर केस दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** संरक्षित पशु कटान की सूचना पर पुलिस ने खेड़ी शिकोहपुर में एक संदिग्ध स्थान पर छापा मारा। मौके से पुलिस ने एक संरक्षित पशु को मुक्त कराते हुए गोशाला भेजा। वहीं मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार देर रात सूचना मिली कि खेड़ी शिकोहपुर गांव के जंगल में एक संदिग्ध स्थान पर संरक्षित पशु को बांधकर रखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो एक संरक्षित पशु को रस्सियों से बांधकर रखा गया था। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी मौके से भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रहमान निवासी चिलकाना, सहारनपुर हाल निवासी खेडी शिकोहपुर व जीशान निवासी खेड़ी शिकोहपुर थाना भगवानपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उप निरीक्षक विनय मोहन द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**वहीं दूसरी ओर** किराए के मकान में रहने वाली एक महिला ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों पर बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराकर शादी कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

